# राधा मीरा दोनों से तू नेह निभाए रे भजन लिरिक्स

राधा मीरा दोनों से तू,
नेह निभाए रे।

दोहा – तू मीरा का सांवरिया,
तू राधा का श्याम,
जहाँ पुकारे जो तुझे,
वहीं पे तेरा धाम।

---

राधा मीरा दोनों से तू,
नेह निभाए रे,
रात वृंदावन में तू बिताए,
दिन मेवाड़ बिताए रे,
तेरा सारा जीवन आने,
जाने में ही जाए रे,
राधा मीरा दोनो से तू,
नेह निभाए रे।**bd।**

---

तेरी शक्ति है राधारानी,
भक्ति है मीराबाई,
मीरा का गिरिधर नागर,
तू राधा का कृष्ण कन्हाई,
मीरा के पद सुनके रीझे,
राधा संग रास रचाए रे,
राधा मीरा दोनो से तू,
नेह निभाए रे।**bd।**

---

तेरी प्रीत की रीत में मोहन,
मीरा हुई दीवानी,
तेरे प्रेम के रंग रंगी है,
बरसाने की ठकुरानी,
तनिक न भेद करे प्रेमिन में,
सबको ह्रदय से लगाए रे,
राधा मीरा दोनो से तू,
नेह निभाए रे।**bd।**

---

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

राधा मीरा दोनो से तू,
नेह निभाए रे,
रात वृंदावन में तू बिताए,
दिन मेवाड़ बिताए रे,
तेरा सारा जीवन आने,
जाने में ही जाए रे,
राधा मीरा दोनो से तू,
नेह निभाए रे।bd।

**Singer – Satish Dehra**
**Lyrics – Ravindra Jain Ji**

---

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com